परिशिष्ट–1

मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय

प्रश्न

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : 02/03/2017

वर्ग : 1 सदन में उत्तर देने का दिनांक : 09/03/2017 विभाग का नाम : **लोक निर्माण**

विषय : **पुल-पुलिया निर्माण।**

(**तारांकित** प्रश्न क्रमांक : **4160**) **श्री अनिल जैन**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) विधानसभा क्षेत्र निवाड़ी अंतर्गत ओरछा एवं निवाड़ी तहसील के किन-किन ग्रामों में पुलियों के निर्माण के अभाव में वर्षात् के मौसम में आवागमन अवरूद्ध रहता है? तहसीलवार गांव की संख्या एवं उनके नाम तथा सड़कवार पुलियों की संख्या बताई जावें ?

(ख) प्रश्नांश (क) स्थानों पर पुलिया निर्माण हेतु विभाग द्वारा क्या कोई कार्ययोजना प्रस्तावित है? यदि हाँ तो क्या इस कार्य योजना को शासन तक स्वीकृति के लिए भेजा गया है? तिथि सहित बतावें।

(ग) क्या विधानसभा क्षेत्र निवाड़ी अंतर्गत ओरछा तहसील में ग्राम जमुनियां से झांसी जाने वाली लिंक रोड तक एवं निवाड़ी तहसील के ग्राम निमचौनी से नौरा जाने वाली सड़क तक पुलिया न होने से आवागमन बरसात में अवरूद्ध हो जाता है? यदि हा तो उक्त दोनों पुलियों के निर्माण में विभाग द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गई है ?

(उत्तर)

(क) इस कार्यालय से संबंधित नहीं है।

(ख) इस कार्यालय से संबंधित नहीं है।

(ग) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत ओरछा चकरपुर रोड से जमुनिया एम.पी. बार्डर तक मार्ग लंबाई 3.86 कि.मी. बनाया गया है। जिस पर निर्धारित मापदण्डों एवं स्वीकृत डी.पी.आर. अनुसार कार्य कराया गया है। उक्त मार्ग पर कार्य दिनांक 01.06.2008 को पूर्ण हुआ था। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत निर्मित उक्त मार्ग के हिस्से से वर्षाकाल में मार्ग अवरूद्ध होने की कोई शिकायत विगत साढ़े आठ वर्ष से अधिक समय में प्राप्त नहीं हुई है।

महाप्रबंधक
म.प्र.ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण,
परियोजना क्रियान्वयन इकाई टीकमगढ़ (म.प्र.)

परिशिष्ट–2

विधान सभा तारांकित प्रश्न क्र० 1160

कार्यालय,कार्यपालन यंत्री,ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग,टीकमगढ़ (म.प्र.)

पत्र क 674 तक. / ग्रा.यां.से. / 2017 टीकमगढ़, दिनांक 27.2.17

प्रति,

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग
टीकमगढ़ (म0प्र0)

विषयः– **ग्राम निमचौनी नदी पर पुल–निर्माण बावत्।**

––––00––––

विषयांतर्गत लेख है, कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत लक्षति ग्राम नीमचौनी को स्वीकृत एलायमेंट नौरा से नीमचौनी मार्ग का कार्य पुलियों सहित वर्ष 2013 में पूर्ण किया जाकर मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत शासन के दिशा निर्देशानुसार मार्ग से जोड़ा जा चुका है।

विषयांकित पुल की मांग ग्राम निमचौनी की नदी जो निमचौनी से सकरार मार्ग के एलायमेंट पर है जो मुख्यमंत्री मार्ग के विपरीत दिशा में ग्राम से 70–80मी. दूर है। यह नदी मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित मार्ग के एलायमेंट पर नही है।

आपके द्वारा चाहा गया प्रतिवेदन सादर प्रेषित है।

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग, टीकमगढ़

C:\Users\jay\Desktop\leter 2017 file.doc